मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2006 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 3 मार्च, 2006 (फाल्गुन 12, 1927)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कैलाश विजयवर्गीय, ऊर्जा मंत्री, विद्युत अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36 सन् 2003) की धारा 182 की अपेक्षानुसार ऊर्जा विभाग की निम्नलिखित अधिसूचनायें पटल पर रखेंगे :-

(1) अधिसूचना क्रमांक 2932/म.प्र.वि.नि.आ./ 2005, दिनांक 5 दिसम्बर,2005

(2) अधिसूचना क्रमांक 3050-म.प्र.वि.नि.आ.- 2005, दिनांक 20 दिसम्बर,2005

(3) अधिसूचना क्रमांक 3051/म.प्र.वि.नि.आ./ 2005, दिनांक 20 दिसम्बर,2005

(4) अधिसूचना क्रमांक 3064/म.प्र.वि.नि.आ./ 2005, दिनांक 21 दिसम्बर,2005.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री सज्जन सिंह वर्मा, रामनिवास रावत, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, सदस्य, प्रदेश के बी.एड. कालेजों द्वारा निर्धारित फीस से अधिक की वसूली किये जाने की ओर राज्य मंत्री उच्च शिक्षा का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, श्री राजनारायण सिंह पूरनी, ठा. सोबरन सिंह "बाबूजी", सदस्य, टीकमगढ़ जिले में मारपीट एवं लूट की घटनाएं घटित होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) सर्वश्री बृजेन्द्र तिवारी, गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, ग्वालियर जिले में धान खरीदी केन्द्रों पर धान क्रय का भुगतान कृषकों को न किये जाने की ओर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री लालसिंह आर्य, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम दिलीप सिंह पुरा में स्थित पत्थर तोड़ने का कार्य मशीनों से कराये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री खनिज साधन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री नानाभाऊ मोहोड़, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के -

(क) ग्राम घोटी में हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा ग्राम पारडसिंगा,मोहगांव,पिपलानारायणवार एवं बैरागढ़ में हाई स्कूल का भवन बनाये जाने, तथा

(ख) ग्राम सवरनी से भीदोनी तक सड़क मार्ग का डामरीकरण कराये जाने,

(2) श्री मारोतराव खवसे, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के -

(क) ग्राम कोण्डाली में हाई स्कूल खोले जाने,

(ख) ग्राम मुंगनापार में माध्यमिक शाला खोले जाने,

(ग) ग्राम पेण्डोनी में हाई स्कूल खोले जाने,

(घ) ग्राम भाजीपानी में हाई स्कूल खोले जाने,

(ङ) ग्राम लोनादेही में माध्यमिक शाला खोले जाने,

(च) ग्राम हिवरा सेनाडवार में हाई स्कूल खोले जाने,

(छ) ग्राम काराघाट कामठी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(ज) ग्राम पाठई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने, तथा

(झ) ग्राम काराघाट कामठी में हाई स्कूल खोले जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय			
	5. वर्ष 2006-2007 की अनुदानों की मांगों पर मतदान.......(क्रमशः)		
2 घन्टे	(1)	मांग संख्या -33	आदिम जाति कल्याण
		मांग संख्या - 41	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना.
2 घन्टे	(2)	मांग संख्या - 7	वाणिज्यिक कर
		मांग संख्या -11	वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार
		मांग संख्या -72	भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास.
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या -21	आवास एवं पर्यावरण
		मांग संख्या -22	नगरीय प्रशासन एवं विकास-नगरीय निकाय
		मांग संख्या -53	अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनांतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या -68	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या -81	नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता.

6. अशासकीय संकल्प

(1) श्री बंशमणि प्रसाद वर्मा, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

45 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि रेल गाड़ी क्रमांक 3025 अप हावड़ा से भोपाल एवं 3026 डाउन भोपाल से हावड़ा रेल गाड़ी जो साप्ताहिक चलती है, को प्रतिदिन चलाया जावे तथा इस रेल गाड़ी का समय हावड़ा से 22.00 बजे, सिंगरौली से 15.00 बजे तथा भोपाल प्रातः 6.00 बजे पहुंचे एवं वापस भोपाल से 20.00 बजे चलकर सिंगरौली से 11.00 बजे तथा हावड़ा 6.00 बजे पहुंचने का रखा जावे".

(2) श्री बाबूलाल सीताराम महाजन, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

45 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि इंदौर से मनमाड़ व्हाया खरगोन-सेंधवा रेल लाईन बढ़ाई जावे".

(3) श्री अर्जुन पलिया, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

1 घन्टा "सदन का यह मत है कि राज्य के किसानों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के लिये सहकारी क्षेत्र की एवं अन्य बैंकों से दिये जाने वाले ऋणों पर ब्याज दरें अन्य उपभोक्ताओं को दिये जाने वाले गृह ऋण एवं वाहन ऋणों की ब्याज दरों के बराबर करने हेतु युक्ति संगत पहल की जावे ".

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक: 2 मार्च, 2006